कारपोरेट कार्य मंत्रालय

भारत सरकार **लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या - 956

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 29 अप्रैल, 2016 को दिया गया)

<u>एनएसईएल-एफटीआईएल का विलय</u>

956. डॉ. किरीट सोमैया :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) और फाइनेंशियल टेक्नोलोजीस इंडिया लिमिटेड (एफटीआईएल) के विलय की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार को एनएसईएल-एफटीआईएल के विलय के संबंध में अनेक आपत्तियां प्राप्त हुई हो और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अनेक हितधारकों ने उक्त विलय का विरोध किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या जनप्रतिनिधियों और अन्य लोगों ने मंत्रालय से ऐसी आपत्तियां करने वालों के विरूद्‌ध कार्रवाई करने का अभ्यावेदन दिया है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्‌वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री (श्री अरूण जेटली)

(क): इस मंत्रालय ने कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 396 के अंतर्गत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) का फाइनेंशियल टेक्नोलॉजिज (इंडिया) लिमिटेड (एफटीआईएल) के साथ विलय करने के लिए अंतिम आदेश दिनांक 12.02.2016 को जारी किए हैं। तथापि, माननीय मुम्बई उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसरण में इस आदेश को स्थगित रखा गया है।

(ख) और (ग): कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्‌वारा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 396(4)(ख) के प्रावधानों के अनुसरण में जारी सार्वजनिक सूचना के उत्तर में मार्च, 2015 से अक्तूबर, 2015 तक कुल 50,389 अभ्यावेदन (लिखित और ई-मेल) प्राप्त किए गए हैं। इन अभ्यावेदनों के प्रेषकों का प्रोफाइल और विलयन के संबंध में उऩके मत अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(घ) और (ड.): जी, हां। इस मामले में उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्‌ध शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध करते हुए अनेक अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। कारपोरेट कार्य मंत्रालय के अलावा मुम्बई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा और प्रवर्तन निदेशालय भी इस मामले की जांच कर रहे हैं। आर्थिक अपराध शाखा द्‌वारा आरोपी की 5757 करोड़ रुपए (लगभग) मूल्य की संपत्तियां जब्त कर ली गई हैं जबकि 740 करोड़ रुपए (प्रवर्तन निदेशालय द्‌वारा) और 1222.89 करोड़ रुपए (आर्थिक अपराध शासा द्‌वारा) मूल्य की 32 सांझी संपत्तियां जब्त की गई

हैं। इसके अतिरिक्त भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड को दोषी ब्रोकरों की जांच करने और उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निदेश भी दिए गए हैं।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 29 अप्रैल, 2016 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 956 के भाग (ख) और (ग) में उल्लिखित विवरण

एनएसईएल का एफटीआईएल के साथ प्रस्तावित विलयन करने के संबंध में मंत्रालय में प्राप्त अभ्यावेदनों के विवरण

नाम	प्रेषकों की श्रेणियां			
	विलयन के पक्ष में	विलयन के विरूद्ध में	प्रेषकों द्वारा दिए गए सुझाव	कुल अभिलेख
एफटीआईएल शेयरधारक	2618	45803	1	48422
एनएसईएल शेयरधारक	0	0	0	0
एफटीआईएल कर्मचारी	0	1203	0	1203
एनएसईएल कर्मचारी	0	0	0	0
एनएसईएल निवेशक	479	5	0	484
एफटीआईएल लेनदार	0	81	0	81
एनएसईएल लेनदार	39	1	0	40
एफटीआईएल	0	2	0	2
एनएसईएल	0	6	0	6
उद्योग चैम्बर	0	1	0	1
निवेशक फोरम	9	0	0	9
अन्य	66	68	7	141
कुल अभिलेख	**3211**	**47170**	**8**	**50389**

*****